**Nai Dunia (Indore), 7th March 2020, Page-15**

# आईआईटी और आईईटी के विद्यार्थियों को यंग साइंटिस्ट अवार्ड

इंदौर। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की पीएचडी विद्यार्थी पूजा जायसवाल को एसजीएसआईटीएस में हुई 35वीं एमपी यंग साइंटिस्ट कांग्रेस में मेडिकल साइंस कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार मिला है। पूजा को एंटी-मेटास्टेटिक रोल ऑफ एंटीडायबिटीक ड्रग विल्डाग्लिपिटन ऑन ट्रिपल नेगेटिव ब्रेस्ट कैंसर पर रिसर्च पेपर तैयार करने के लिए अवार्ड दिया गया है। आईआईटी इंदौर के पीएचडी विद्यार्थी श्रीनिधि झा और साकेत दुबे को युवा वैज्ञानिक पुरस्कार दिया गया। यंग साइंटिस्ट कांग्रेस में 207 विद्यार्थियों ने अपने द्वारा की गई रिसर्च के आधार पर पेपर प्रजेंट किया था। श्रीनिधि झा को ईक्रेट एक्सट्रीम क्लाइमेट रिस्क असेसमेंट टूल के विकास के लिए सम्मानित किया गया और साकेत को जीआईएस एनर्जी अप्रोच इन रीजनल सस्टेनेबल डेवलपमेंट पर रिसर्च पेपर प्रजेंट करने के लिए सम्मानित किया गया।